# भारतीय निर्यात निरीक्षण परिषद

# वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार

## प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता

ई. आई. सी द्वारा वर्ष 1998–2000 के दौरान ई. आई. सी. द्वारा कार्यन्वित 'खाद्य सुरक्षा के क्षेत्रों में प्रशिक्षकों के विकास हेतु खाद्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता के मानव शक्ति विकास' पर एफ. ए. क्यू परियोजना की समाप्ति को चिन्हित करने के लिये मई 2000 में बैंगलोर में खाद्य सुरक्षा प्रबंधन पर किये गये अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की सिफारिश पर आधारित मानव संसाधन एवं गुणवत्ता विकास केन्द्र की स्थापना की गई है

मानव संसाधन एवं गुणवत्ता विकास केन्द्र की स्थापना का उददेश्य है:

1. भारतीय उद्योग के लोगों के बीच, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के आई. एस. ओ 9000 के अनुसार एच ए सी सी पी और खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणालियां, पर्यावरण प्रणालियां आई एस ओ 14000 के अनुसार, प्रयोगशाला गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियां आई एस ओ 17025 के अनुसार और प्रबंधन प्रणालियों व समरूपता आंकलन के लिये अंतर्राष्ट्रीय मानकों, के बारे में गुणवत्ता के प्रति जागरूकता एवं जानकारी लाना।
2. अंतर्राष्ट्रीय मानकों, विशेषतः, गुणवत्ता, सुरक्षा और पर्यावरण प्रबंधन प्रणालियों के कार्यान्वयन के बारे में प्रशिक्षण, क्योंकि ऊपर दिये गये विवरण प्रतिस्पर्धा वाले वैश्विक बाजार के अब पूर्व निर्धारित आवश्यकता बन गये हैं।
3. भारतीय निर्यात उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों ,विशेषकर खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणालियों में जागरूकता एवं प्रशिक्षण मॉडयूल विकसित करना।
4. अंतर्राष्ट्रीय आवश्यकताओं के पालन को सुनिश्चित करने के लिये उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्ता आश्वासन योजनाओं का विकास एवं कार्यान्वयन।
5. निर्यातकों के बीच प्रचार के लिये, भारत के व्यापार को भागीदारों की गुणवत्ता व सुरक्षा के डेटाबेस को तैयार करना।
6. अधिमान्य शुल्क योजनाएं जैसे जी एस पी,, जी एस टी पी, एस ए पी टी ए, बैंकाक अनुबंध और भारत–श्रीलंका मुक्त व्यापार अनुबंध के अंतर्गत निर्यातकों की उत्पति, प्रमाण पत्र जारी करने के मुद्दे पर प्रमाणित करने वाले निकायों व उद्योग का प्रशिक्षण।
7. विशेषतः खद्य पदार्थो में संदूषकों पर निर्यात व भारतीय निर्यातों के अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में समस्या – जनित शोध करवाना।

   ई आई सी में उपर्युक्त प्रशिक्षण देने के लिये प्रशिक्षित मानव शक्ति उपलब्ध है इसके पास खाद्य भारत की सुरक्षा प्रबंधन प्रणालियों पर प्रशिक्षकों का समूह हो।